an>

Title: Need to give twenty four hour power supply in Lucknow district in Uttar Pradesh.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : माननीय सभापति, मैं आपका ध्यान लखनऊ जनपद के ब्लॉक मोहनलाल गंज, मलिहाबाद, काकोरी, गोसाईं गंज और सरोजनी नगर की तरफ दिलाना चाहता हूं। वहां खंड कोआपरेटिव सोसाइटी द्वारा 24 घंटे बिजली दी जाती थी। यहां बिजली का पैसा पड़ता है लेकिन बिजली केवल आठ या दस घंटे दी जाती है जबकि विद्युत विनियामक आयोग का नियम है कि जितना नियम है अगर उतनी बिजली नहीं देंगे तो कम से कम 50 रुपए प्रति घंटे की दर से कन्ज्यूमर को पैसा देना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव खंड इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है। मैं ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इन विकास खंडों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति करें।